डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 245 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 21 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया






## कुएं में गिरने से किसान की मौत

**गरोठ, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जनपद क्षेत्र के गांव कुंडला खुर्द में पानी खींचते समय 23 वर्षीय किसान 40 फीट गहरे कुएं में गिर गया। जिसकी मृत्यु हो गई। यहां भी कुआ बगैर मुंडेर का ही था। घटना शुक्रवार सुबह की है।

मृतक की पहचान किसान सिंधु सिंह के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बचाव कार्य के लिए गोताखोरो को बुलाया गया। ग्रामीणों की मदद से तीन घंटे बाद दोपहर 2:30 बजे उसे बाहर निकाला गया। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शामगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सिंधु सिंह परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी दो साल पहले शादी हुई थी। परिवार में अब केवल एक छोटी बहन और पत्नी है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## महिला हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**रतलाम, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** तीन साल पुराने महिला हत्याकांड में न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान सत्र न्यायाधीश नीना आशापुरे ने आरोपियों पर 4-4 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

लोक अभियोजक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि 27 जुलाई 2022 को बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सुतेरेवी की पुलिया के नीचे एक महिला का शव मिला था। मृतका की पहचान ग्राम बंजली निवासी भुली बाई के रूप में हुई, जिसकी गुमशुदगी औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में नाक, मुंह और गले पर चोट से मौत होना सामने आया।जांच में पता चला कि मृतका अंतिम बार आरोपियों के साथ देखी गई थी। कॉल डिटेल और टावर लोकेशन से घटना के दिन आरोपियों का मृतका के साथ होना सिद्ध हुआ। आरोपियों से महिला की नथ और मंगलसूत्र भी बरामद किया गया।

न्यायालय ने कोठड़ी निवासी लक्ष्मण पिता डालु बंजारा, नंदु पिता भैरू और देवीलाल पिता नंदराम भुरिया को दोषी माना। अभियोजन पक्ष ने 25 गवाह, 107 दस्तावेजी साक्ष्य और 5 आर्टिकल पेश किए। परिस्थितिजन्य साक्ष्य, एफएसएल रिपोर्ट और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों को दोषी ठहराया गया।

# नए नियमों में उलझी प्रसूताओं की सहायता राशि..!



## किसी के पास मैरिज सर्टिफीकेट तो किसी के पास पति के साथ समग्र आईडी नहीं

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी अस्पताल में प्रसूताओं को मिलने वाली सहायता राशि पर नए नियम भारी पड़ रहे हैं। इन नए नियमों ने प्रसूता महिला और परिजनों की समस्या बढ़ा दी है। मामला है मैरिज सर्टिफीट और पति के साथ समग्र आईडी का। ज्यादातर महिलाओं की समग्र आईडी पति के साथ नहीं है। वहीं इसे बनवाना भी उतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए मैरिज सर्टिफिक्ट जरूरी है। अधिकांश महिलाओं के पास यह सर्टिफिक्ट नहीं है।

एक अप्रैल के पहले सिर्फ महिला के पास समग्र आईडी होने पर ही योजना का लाभ मिल जाता था। भले ही वह मायके की समग्र आईडी क्यों ना हो। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग अब योजना के लाभ के लिए पति के साथ महिला की समग्र आईडी मांग रहा है। इस नियम से महिलाएं तो परेशान हैं ही साथ ही एएनएम भी परेशान हैं। क्योंकि, राशि नहीं मिलने से महिलाएं एएनएम को जिम्मेदार ठहरा रही हैं।

### समग्र आईडी तो है लेकिन पति के साथ नहीं...

कुछ केस तो ऐसे है जिसमें महिलाओं के पास समग्र आईडी तो है, लेकिन पति के साथ नहीं है। इससे अब तक राशि नहीं मिल पाई है। जब वे राशि के लिए एएनएम से संपर्क कर रही हैं तो जवाब मिल रहा है पति के साथ ही समग्र आईडी लेकर आओ। यह नहीं बन रही है। क्योंकि मैरिज सर्टिफिकेट नहीं है। इससे अब उन्हें इसे बनवाना होगा, ताकि योजना का लाभ मिल सके। इसे बनवाने के लिए परिजन परेशान हैं।

### प्रसूति सहायता योजना में महिलाओं को मिल रहा यह लाभ...

प्रसूति सहायता योजना में सरकारी अस्पताल में डिलीवरी होने पर महिलाओं को 6 हजार 400 रुपए मिलते हैं। इसमें 1400 रुपए प्रसव सहायता और पांच हजार रुपए महिला बाल विकास की मातृत्व वंदना योजना के मिलते हैं। वहीं यदि महिला के पास श्रमिक कार्ड है तो प्रसूति सहायता के 6400 रुपए के अतिरिक्ति 10 हजार 600 रुपए की राशि अलग से मिलती है। इस तरह श्रमिक कार्ड होने पर 17 हजार रुपए योजना में मिलते हैं। सभी दस्तावेज पूरे होने पर एएनएम अनमोल एप 2.0 पर जानकारी अपलोड करती हैं। जानकारी अपलोड होने पर भोपाल से यह राशि सीधे महिलाओं के अकाउंट में पहुंच जाती है। नए नियम के मुताबिक दस्तावेज नहीं होने के कारण महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### इतना आसान नहीं मैरिज सर्टिफिकेट बनवाना...

यदि किसी को मैरिज सर्टिफिकेट बनवाना है तो उसे लोक सेवा गारंटी में आवेदन देना होता है। इसके पहले जो प्रोसेस है, वह बड़ी कठिन है। मैरिज सर्टिफिकेट के लिए शादी की पत्रिका, शादी के फोटो, फेरे कराने वाले पंडितजी का आधार कार्ड और उनके द्वारा शादी प्रमाणित करने का पत्र हस्ताक्षर सहित, वर और वधु पक्ष के पांच-पांच गवाह के आधार कार्ड, उनके हस्ताक्षर, 50 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र, दूल्हा और दुल्हन का शपथ-पत्र, माता और पिता के आधार और शपथ-पत्र के साथ आवेदन करना होता है। इसके बाद केंद्र से इसे संबंधित पंचायत या नगरीय निकाय में भेजा जाता है। यहां आवेदन की जांच की जाती है। निर्धारित दस्तावेज के आधार पर जांच कर संबंधित पंचायत या नगरीय निकाय मैरिज सर्टिफिकेट जारी करता है। अधिकतम एक महीने में यह सर्टिफिकेट तैयार हो जाता है।



काचरिया के युवक की छोटी सादड़ी दुर्घटना में मौत, परिजनो ने जताई हत्या की आशंका...

# प्रतापगढ़ में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस। मल्हारगढ़ विधानसभा के काचरिया चंद्रावत गांव निवासी युवक प्रकाश पिता सुरेश बावरी की छोटी सादड़ी क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को परिजन और ग्रामीण हत्या का मामला बता रहे है। इस मामले में छोटी सादड़ी पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ गांव के लोगों ने शुक्रवार को किसान नेता श्यामलाल जोकचंद के नेतृत्व में प्रतापगढ़ के अंबेडकर सर्किल पर एकत्रित होकर रैली निकाली और एसपी कार्यालय का घेराव किया।**

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का आरोप है कि प्रकाश की हत्या की गई और इसे सड़क दुर्घटना का रुप दिया गया। परिजनों ने बताया कि प्रकाश को आए दिन मोबाईल पर धमकियां मिल रही थी। उसे पत्नी को छोडने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। उनके पास 15 कॉल रिकॉर्डिंग सुरक्षित हैं, जिनमें दीपक पिता पप्पूलाल बावरी निवासी सोनी, थाना मल्हारगढ़, दीपक गुर्जर निवासी हेमद्री थाना छोटी सादड़ी, हाल मुकाम सोनी, विशाल पिता परसराम निवासी सोनी और दो-तीन अन्य व्यक्तियों द्वारा धमकियां देने का दावा किया गया है। परिजनों ने इन कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के रूप में पेश करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### यह है मामला...

परिजनों के अनुसार, 11 जून 2025 को शाम 6 बजे प्रकाश के मोबाइल नंबर (8602028774) पर (7869480932 और 8769572852) से कॉल आए। कॉल करने वालों ने प्रकाश को पिपलिया मंडी के गांधी चौराहे पर बुलाया, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग परिजनों के पास सुरक्षित है। प्रकाश इसके बाद घर से निकला। लेकिन, रात 2 बजे उसके साले जसवंत (घामनिया, थाना छोटी सादड़ी) ने प्रकाश के पिता सुरेश को फोन कर बताया कि प्रकाश का केसुंदा फंटे पर पंप के पास एक्सीडेंट हो गया है और उसका पैर टूट गया है। जसवंत ने कहा कि वे उसे अस्पताल ले जा रहे हैं और परिजनों को वहां पहुंचने को कहा। सुरेश रात में ही अस्पताल के लिए निकले और सुबह 5 बजे छोटी सादड़ी अस्पताल पहुंचे, जहां प्रकाश की मौत हो चुकी थी। जसवंत ने बताया कि प्रकाश रात 12 बजे उनके पास आया था और वहां से चला गया। परिजनों को शक है कि प्रकाश को पिपलियामंडी से छोटी सादड़ी ले जाकर उसकी हत्या की गई और इसे दुर्घटना का रुप दिया गया। उनका सवाल है कि जब कॉल रिकॉर्डिंग में प्रकाश को पिपलियामंडी बुलाया गया था, तो वह घामनिया कैसे पहुंचा?

# शिवना शुद्धिकरण: अड़ वाली बात पर 49 दिन हिला डंडा...!

## विधायक के प्रयास पर आलोचक और समर्थकों की अपनी-अपनी राय

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस। विधायक विपीन जैन ने करीब 49 दिन पहले शिवना को शुद्ध करने के लिए वहां श्रमदान के रूप में मुहिम चलाई। इसके बाद पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया का बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने कहा कि डंडा हिलाने से शिवना शुद्ध नहीं होगी। सरकार इसके लिए प्रयासरत है और बड़ी योजना इसके लिए जल्द धरातल पर होगी। इसके बाद विपीन जैन ने भी पूर्व विधायक के बयान को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी। यह बयानबाजी पुरानी हो गई।**

लेकिन, इस डंडा हिलाने वाले बयान के चक्कर में ही शिवना शुद्धिकरण का यह अभियान पचास दिन खींच गया। कहीं न कहीं यहां स्वाभिमान वाली बात विधायक विपीन जैन के लिए थी। अगर बीच सफर में बिना जलकुंभी हटाए शिवना शुद्धिकरण छोड़ दिया जाता तो कहीं न कहीं इस बयानबाजी के मैच में विपीन जैन पीछे रह जाते। शिवना शुद्धिकरण के इस अभियान को लेकर भी विधायक आलोचकों और समर्थकों में बहस छिड़ी हुई है। सोशल मीडिया पर भी यह बहस का हिस्सा बन रही है। समर्थकों का कहना है विधायक का काम शिवना पर सफाई के रूप में नजर आ रहा है। वहीं आलोचकों का कहना है कि बारिश में वैसे ही जलकुंभी हटना तय थी। इसमें पसीना बहाने की जरुरत ही नहीं थी।



### 459 ट्राली जलकुंभी और गाद निकाली...

पशुपतिनाथ मंदिर से सटी शिवना नदी में विधायक विपिन जैन की अगुवाई में पिछले 49 दिनों से प्रतिदिन चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान का सिलसिला अब थम सा गया है। 1 मई से शुरु हुए इस अभियान में 17 हजार 438 लोगों ने भागीदारी की है। जिसमें श्रमदानियों ने 459 ट्राली जलकुंभी और गाद शिवना नदी से निकाली है। बारिश के मौसम को देखते हुए अब ये अभियान प्रत्येक दिन नहीं बल्कि हफ्ते में एक बार हर रविवार को चलाया जाएगा। विधायक श्री जैन का कहना है कि हमने शिवना के जल को स्वच्छ करने का संकल्प लेते हुए इस शिविर को शुरू किया है। नदी के किनारों की सफाई और रंगाई-पुताई की गई है तो वहीं पौधरोपण का कार्य भी प्रारंभ किया है। 49 दिनों में कुल 98 घंटे श्रमदान हुआ। कई लोग लगातार श्रमदान में शामिल रहे। नगरपालिका कर्मचारी, विभिन्न समाज, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल, महिलाएं, युवा और बुजुर्गों ने इस अभियान में योगदान दिया। अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, शिवना का सौंदर्यीकरण जल्द पूरा होगा।

### शिवना में अब दिख रहा पसीने का असर...

शिवना शुद्धिकरण को लेकर विधायक समर्थक खासे फार्म में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पचास दिन पुराना और वर्तमान का फोटो डालकर विधायक विपीन जैन के अभियान की तारीफों... **शेष पेज 3 पर**



## रतलाम-उज्जैन होकर चलेंगी दो सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**रतलाम, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांद्रा टर्मिनस और सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस के बीच दो सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दोनों ट्रेनें रतलाम रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। झांसी-बांद्रा स्पेशल (02199) 03 जुलाई से 25 सितंबर तक हर गुरुवार को झांसी से शाम 4:50 बजे चलेगी। यह ट्रेन मक्सी, उज्जैन, नागदा, रतलाम और दाहोद होते हुए अगले दिन शाम 4:10 बजे बांद्रा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा से 05 जुलाई से 27 सितंबर तक हर शनिवार सुबह 5:10 बजे चलकर रविवार सुबह 05 बजे झांसी पहुंचेगी। सूबेदारगंज-बांद्रा स्पेशल (04125) 07 जुलाई से 29 सितंबर तक हर सोमवार को सूबेदारगंज से सुबह 5:20 बजे चलकर मंगलवार सुबह 9:30 बजे बांद्रा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा से 08 जुलाई से 30 सितंबर तक हर मंगलवार दोपहर 11:15 बजे चलकर बुधवार शाम 5 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी।

### यहां रहेगा स्टॉपेज...

झांसी-बांद्रा ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच होंगे। यह दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना से होकर गुजरेगी। वहीं सूबेदारगंज-बांद्रा ट्रेन में थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर और जनरल कोच लगेंगे। यह फतेहपुर, इटावा, आगरा, कोटा होते हुए चलेगी।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, मौत

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांव जावी में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतक कृष्णपाल पिता बाबूलाल निवासी फतेपुरी मल्हारगढ का निवासी था, वह अपने ससुराल जावी आया हुआ था।

दरअसल कृष्णपाल सिंह छत पर गया था। वहां ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से वह वहीं चिपक गया। परिजनों ने जब उसे देखा तो तुरंत बिजली कंपनी को सूचित किया। लाइन बंद करवाने के बाद कृष्णपाल को बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि मकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को हटाने की कई बार शिकायत की गई। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई। मृतक के परिवार में 10 साल का बेटा है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में युवक का पोस्टमॉर्टम करवारकर शव परिजनों को सौंप दिया। बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जांच में पाया गया कि पहले से स्थापित एलटी लाइन के नीचे अनाधिकृत निर्माण किया गया था। मृतक रात में छत पर टहलते समय एलटी केबल लाइन के संपर्क में आया। सिटी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



**बारिश के बहाव के लिए...**

अच्छी बारिश की संभावना को देखते हुए रामघाट बैराज से कड़ी शटर हटाए गए। जिससे कि बहकर आने वाला पानी सीधे निकल जाए। कई बार बाढ़ के पानी में कड़ी शटर बहकर जा चुके है। ऐसे में बांध को नुकसान भी हो सकता है। इसलिए कड़ी शटर समय पर हटाये जाना जरूरी थे।

# तस्करों की अवैध कमाई खाकी के रडार पर

**91 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति फ्रिजिंग के आदेश**



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** फरार तस्करों और मादक पदार्थों की तस्करी की धरपकड़ के लिए लगातार पुलिस का अभियान चल रहा है। अब तस्करों की अवैध काली कमाई पुलिस के रडार पर है। सफेमा के तहत तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के इस अभियान में मंदसौर पुलिस को अच्छी सफलता मिल रही है। पिछले साल पुलिस के प्रयासों से 134 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति फ्रिजिंग के प्रस्ताव पेश किए गए। जिसमें 91 करोड़ रूपए की संपत्ति कन्फर्म की गई है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त तस्करो की धर पकड़ के साथ-साथ ऐसे तस्कर जिनके द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से अवैध रूप से सम्पत्ति अर्जित की गई। ऐसे तस्करो के प्रकरणो को चिन्हित कर उन तस्करो एवं उनके रिश्ते नातेदारो की चल अचल सम्पत्ति की जानकारी संकलित करवाकर थाना प्रभारी/विवेचको से वित्तीय अनुसंधान करवाया गया। जिसके फलस्वरूप एक जनवरी 25 से 18 जून 25 तक की अवधि में कुल 30 प्रकरणो के आरोपी एवं उनके नातेदारो की 134 करोड़ 76 लाख 71 हजार 737 रुपए की चल अचल सम्पत्ति पाई जाने पर थाना प्रभारी/विवेचक द्वारा फ्रीजिंग आदेश तैयार कर प्रकरण सक्षम अधिकारी सफेमा, मुम्बई के न्यायालय में पेश किये गये। जहां से आरोपी एवं उनके नातेदारो को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई की गई एवं सुनवाई उपरान्त 30 प्रकरणो मे से 26 प्रकरणों में 91 करोड़ 58 लाख 52 हजार 374 रुपए की सम्पत्ति के फीजिंग आदेश कन्फर्म किये गये।

### तीस में से 18 मामलों में आरोपी सजायाफ्ता...

वर्ष 2025 मे पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्व की गई कार्यवाही में 30 प्रकरणों में से 18 प्रकरणों के तस्कर वर्तमान में सजायाफ्ता है। जिसमें विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट द्वारा आरोपियो को 10-10 वर्ष के कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किये गये है।

### छह के खिलाफ धारा 209 बीएनएस के तहत मामले दर्ज...

पुलिस कप्तान ने बताय कि एक जुलाई 24 से नवीन भारतीय न्याय संहिता के प्रभावशील होने पर धारा 209 बीएनएस के तहत ऐसे फरार आरोपी, जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा जारी होने के बाद भी फरार आरोपी न्यायालय में नियत दिनांक को सरेण्डर /उपस्थित नहीं होता है तो ऐसे फरार चल रहे आरोपियों को चिन्हित कर कुल 06 फरार आरोपियो के विरूद्ध मंदसौर पुलिस द्वारा धारा 209 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गये है।




# स्व. बंधवार के जन्मदिवस पर नपा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

## राज्यसभा सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने पौधारोपण किया

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री प्रहलाद बंधवार के जन्मदिवस पर शुक्रवार को वार्ड नं. 22 रेवास देवड़ा रोड़ पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दस आवास से लेकर एम.आई.टी. कॉलेज तक रोड़ के डिवाईडर पर लगभग 100 फूलदार पौधे रोपे गये। पौधरोपण के पूर्व स्व. श्री बंधवार के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किये गये।

राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण श्री अरविन्द सारस्वत, विनोद डगवार के विशेष आतिथ्य में यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद व नपा सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार, पार्षदगण कमलेश सिसौदिया, रफत पयामी, ईश्वरसिंह चौहान एडवोकेट, युसुफ गौरी, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, सुनीता भावसार, नरेन्द्र बंधवार, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, राकेश भावसार, बंधवार मित्र मण्डल के सदस्यगण सर्वश्री मनीष सोनी, कन्हैयालाल रायसिंघानी, आशीष जैन ट्रांसपोर्ट, जितेन्द्र कुमावत, दुष्यन्त बैरागी, अनिल गुप्ता, निर्मलसिंह, लक्ष्मणसिंह चुण्डावत, राहुल हरगौड़, हितेश रामावत, विजय परिहार, अंशुल जैन, नीतिन जैन नगरीवाला, रजत जैन, मदन माली, चन्द्रकांत आडवानी, रितेश पोखरना, दीपक माहेश्वरी, जैन सोश्यल ग्रुप के संजय जैन श्वेता, अशोक कर्नावट, प्रभारी सीएमओ पीएस धारवे, उद्यान शाखा लिपिक संजय राजेन्द्र नीमा, विक्रमसिंह गायरी सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। इन सभी के द्वारा भी पौधरोपण किया गया। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने इलेक्ट्रानिक मीडिया से चर्चा में कहा कि स्व. श्री प्रहलाद बंधवार जनप्रिय नेता थे उन्होंने मंदसौर नगर के विकास के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित किया। वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उन्होंने नगर के विकास के लिये जो समर्पण भाव दिखाया उसकी प्रेरणा आज भी हमें उनसे मिल रही है। आज उनके जन्मदिवस पर पौधरोपण का जो कार्यक्रम हुआ है वह प्रेरणादायी है।

## जिला मुख्यालय पर मनाया शिवसेना का 58वां स्थापना दिवस

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय पर बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी उपस्थितजनों ने शिवसेना का जिले में तेजी से विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रारंभ में हिन्दू सम्राट बाला साहब ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना मध्यप्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर, प्रदेश संगठन प्रमुख थानेश्वर महावर, प्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी, प्रदेश महासचिव जितेन्द्र चतुर्वेदी, उपराज्य प्रमुख डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संभाग संगठन प्रमुख अशोक शर्मा के आदेशानुसार मंदसौर जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु के नेतृत्व में उज्जैन संभाग संगठन प्रमुख शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिला जिला प्रमुख विधुतलता गुप्ता, जिला संगठन प्रमुख नरसिंह बैरागी, जिला उपप्रमुख भेरुलाल देवड़ा, जिला प्रभारी राजेश गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी सोनू पाटीदार, जिला उपप्रमुख राकेश योगी, गरोठ तहसील प्रमुख देवीलाल योगी, भानपुरा तहसील प्रमुख सुनील जोगी, पूर्व महिला जिला प्रमुख आरती चौधरी, मंदसौर महिला तहसील प्रमुख दिप्ती कुंवर, मंदसौर महिला जिला उपप्रमुख मनोरमा जटिया, श्रीमती सीता मालवी, टीना राठौर, भागीरथ, भंवरलाल प्रजापति, विशाल राठौर, पंकज मेहर, बंसीलाल, कृष्ण सोलंकी, प्रमोद लौहार, मुकेश विशाल कुमावत आदि उपस्थित रहे। शिवसेना जिला मीडिया प्रभारी सोनू पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय संस्कृत श्लोकपाठ और संभाषण प्रतियोगिता आज

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** कालिदास प्रसंग के संदर्भ में 21 जून शनिवार को दोपहर 1:00 बजे उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय शासकीय / अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की संस्कृत श्लोक पाठ और संभाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती अर्चना दवे और संयोजक महेश त्रिवेदी ने बताया कि कि आगामी 26-27 जून को कॉलेज के कुशा भाऊठाकरे ऑडिटोरियम में दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का आयोजन किया जाएगा जिसमें शुभारंभ दिवस इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

## यादव आज कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए राय जानेंगे

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद चयन हेतु केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं विधायक शाहपुरा श्री मनीष जी यादव, पीसीसी पर्यवेक्षक श्री राजकुमार जी उपाध्याय ,जिला प्रभारी पूर्व मंत्री श्री जयवर्धन सिंह जी व जिला सह प्रभारी श्री हेमंत सिंह जी चौहान 21/06/2025 शनिवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर के सभी वरिष्ठजनों व कार्यकर्ताओं से प्रात: 9.30 बजे 11.30 बजे तक जिला कांग्रेस कार्यालय मन्दसौर पर वन टू वन मिलकर चर्चा करेंगे । इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी रहे श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर,जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जी जैन व वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने मन्दसौर शहर में निवासरत सभी वरिष्ठनेतागण,जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीगण, मंडलम, सेक्टर अध्यक्षगण,सभी बीएलए, वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशीगण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण,सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से निवेदन है किया है कि सभी समय पर उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पति-पत्नी की मृत्यु होने पर 1 करोड़ 2 लाख रू. का अवार्ड पारित

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** विद्वान् प्रधान न्यायाधीश व जिला जज महोदय श्री कपिल मेहता द्वारा अपने न्यायालय में विचाराधीन दो क्लेम रूपाल कुंवर विरुद्ध रामस्वरूप मे बीमा कम्पनी के विरुद्ध महत्वपूर्ण अवार्ड पारित करते हुवे 77 लाख 32 हजार एवं 13 लाख 92 हजार का क्लेम अवार्ड पारित किया। प्रकरण का विवरण इस प्रकार है की दिनांक 20 मार्च 2023 को मृतक राधेश्याम एवं पत्नि श्यामाकुंवर दोनो मोटरसाइकिल से अपनी रिश्तेदारी में चित्तौड़ से बसई जा रहे थे। मंदसौर मे सीतामऊफाटक से थोड़ा आगे एक पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे राधेश्याम की मौके पर मृत्यु हो गई और पत्नी श्यामाकुंवर की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उक्त दोनों मृतकों की और से उनके वरिसो की हैसियत से उनके 2 नाबालिग बच्चों की और से क्लेम भूपेश भाटी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत किये गये थे जिसमे दिनांक 19 जून 2025 को न्यायालय द्वारा प्रकरण के तथ्यों एवं पारिवारिक स्थिति को देखते हुवे मृतक राधेश्याम के केस में 77 लाख 32 हजार रूपये एवं श्यामाकुंवर के केस में 13 लाख 92 हजार रूपये का क्लेम अवार्ड पारित किया गया तथा उक्त राशि पर प्रकरण प्रस्तुति दिनांक से 6 प्रतिशत ब्याज भी दिये जाने का आदेश दिया गया जो कुल मिलाकर ब्याज सहित 1 करोड़ 2 लाख लगभग बनता है।

# मानव जीवन की उन्नति के लिए गुरु कृपा के साथ आत्म कृपा भी आवश्यक-पं.दवे

## स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरिजी षष्ठम पुण्यतिथि पर्व समन्वय परिवार ने अपना घर में मनाया, आरती पूजन हुआ



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** ब्रह्मलीन निवर्तमान जगद्गुरु शंकराचार्य भारत माता मंदिर संस्थापक महामंडलेश्वर पुज्य स्वामी श्री सत्यमित्रानंद गिरी महाराज की षष्ठम पुण्यतिथि पर समन्वय परिवार मंदसौर शाखा के तत्वावधान में सामुहिक पादुका पूजन, सामुहिक प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

पू.गुरुदेव की पुण्यतिथि प्रतिवर्षानुसार अपना घर मन्दसौर सीतामऊ फाटक की बालिकाओं को कार्यक्रम में सहभागी बनाते हुए मनाई गई । इस अवसर पर विद्वान भागवत प्रवक्ता पंडित श्री ओमप्रकाश दवे द्वारा पुज्य स्वामीजी के सेवा प्रकल्पों, जीवन के बारे एवं प्रत्येक मानव के लिए गुरु दीक्षा के महत्व पर शास्त्रोक्त चर्चा की। पंडित श्री दवे ने धर्म सभा में उपस्थित अपना घर बालिकाओं एवं श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन उन्नति के लिये भगवत्कृपा, शास्त्रकृपा , गुरुकृपा के साथ आत्मकृपा भी आवश्यक है यह आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने वाले हैं। आपने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है इसलिए जीवन में सेवा का बहुत महत्व होता इसे जीवन में उतारें कार्यक्रम में श्री रमेशचंद सेनी, श्रीरमेशदत्त शर्मा,श्री शुभम गौड़, डॉक्टर दिनेश तिवारी, श्रीमती गीतांजलि गौड़, श्रीमती ज्योति सेनी,श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीबंशीलाल टाँक (पतंजली योगगुरु) एवं अपना घर की समस्त बालिकाओं सहित अन्य की उपस्थिति रही। समन्वय परिवार उपाध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम बटवाल, दिलीप कुमार गौड़, गोपाल त्रिवेदी, रमेशचंद्र सेनी, रमेशदत्त शर्मा द्वारा विद्वान भागवत प्रवक्ता पंडित श्री ओमप्रकाश दवे का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। पुज्य स्वामीजी पुण्यतिथि कार्यक्रम श्री दिलीप कुमार गौड़, श्री गोपाल त्रिवेदी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ संचालन डॉ दिनेश तिवारी ने ओर अन्त में समन्वय परिवार उपाध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल ने आभार व्यक्त किया । सामुहिक पूजन आरती प्रार्थना के बाद अपना घर बालिकाओं को भोजन प्रसाद कराया गया ।

## उपचुनावों में चुनाव आयोग की नई पहल...

# मोबाइल जमा करने की सुविधा और तेज़ वोटर टर्नआउट की जानकारी

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग ने आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में कई नई पहलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया । मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, एवं डॉ. विवेक जोशी के मार्गदर्शन में शुरू की गई इन पहलों का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाना है । इन सफल परीक्षणों के बाद अब इन नई व्यवस्थाओं को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से लागू करने की तैयारी है।

यह उपचुनाव गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के पांच विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए। इनमें गुजरात में 24-कडी और 87-विसावदर, केरल में 35-निलंबुर, पंजाब में 64-लुधियाना पश्चिम और पश्चिम बंगाल में 80-कालीगंज शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों के 1354 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ।



**चुनाव आयोग द्वारा की गई प्रमुख नई पहलें:**-मोबाइल जमा करने की सुविधा: पहली बार, मतदाताओं को सभी मतदान केंद्रों के प्रवेश द्वार पर अपने मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा प्रदान की गई । यह सुविधा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन की सर्वव्यापकता को देखते हुए शुरू की गई, ताकि मतदाताओं, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगों को मतदान केंद्र में प्रवेश से पहले अपना फोन रखने की चिंता न हो । इसके लिए मतदान केंद्रों पर साधारण कबूतरखानों जैसे बॉक्स या जूट के थैले लगाए गए थे और इस प्रक्रिया में मदद के लिए स्वयंसेवक भी तैनात थे।

**उन्नत वोटर टर्नआउट रिपोर्टिंग:**-मतदाता प्रतिशत की जानकारी साझा करने की प्रक्रिया को उन्नत किया गया । नई व्यवस्था के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी ने मतदान के दिन हर दो घंटे में सीधे नए 'ईसीआईनेट ऐप' पर वोटर टर्नआउट दर्ज किया । इसके अतिरिक्त, मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद, पीठासीन अधिकारियों ने मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ऐप में डेटा अपडेट किया । इससे पहले यह जानकारी सेक्टर अधिकारियों द्वारा मैनुअल रूप से इकट्ठा की जाती थी, जिसमें काफी समय लगता था और अंतिम आंकड़े देर रात 10-11 बजे तक या अगले दिन उपलब्ध हो पाते थे । नई प्रणाली से इस देरी में भारी कमी आएगी । 100% वेबकास्टिंग: पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की 100% वेबकास्टिंग सुनिश्चित की गई । रिटर्निंग ऑफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी स्तर पर समर्पित टीमों ने पूरी मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी ।

अन्य सुधार-इन चुनावों से पहले लगभग दो दशकों में पहली बार मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण भी किया गया । साथ ही, सभी पीठासीन अधिकारियों को मॉक पोल का व्यक्तिगत प्रशिक्षण भी दिया गया । इन नई पहलों का सफल कार्यान्वयन भारत की चुनावी प्रक्रिया को और अधिक आधुनिक, मतदाता-अनुकूल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नपा की उदासीनता से वार्ड नंबर 37 में कुत्तों का आतंक

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर में वैसे तो हर गली मोहल्ले में कुत्तों के आतंक से आमजन परेशान है कुत्ते इतने हो गए हैं कि आम जन का सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया है विशेष कर छोटे बच्चों के पीछे कुत्ते दौड़ते हैं और उन्हें कई बार काट भी खाते हैं और कुत्तों के काटने से अनेक शहरों में बच्चों के मरने की घटनाएं भी घटित हो चुकी है उसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद मंदसौर इस दिशा में कुछ रणनीति नहीं बना रही है।

मंदसौर नगर के वार्ड नंबर 37 सत्यम विहार कॉलोनी के पीछे नयापुरा लगता है और नयापुरा में एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा नालों में गंदगी फैलाई जाती है और कई बार नालों में जानवर भी मार कर फेक जाते हैं और कुत्ते उन जीव जंतुओं ओर जानवरो को नाले में से बाहर खींच कर ले आते हैं और सड़कों पर बैठकर मरे हुए जानवरों का भक्षण करते हैं जिससे इस क्षेत्र के कुत्ते जानलेवा हो गए हैं और कभी भी यह कुत्ते किसी को काट खाएंगे तो वह व्यक्ति सीधा यमराज के पास पहुंच जाएगा। इसलिए वार्ड नंबर 37 के नागरिकों ने नगरपालिका मंदसौर के जिम्मेदार अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद से मांग की है कि शीघ्र एक मुहिम चलाकर इन कुत्तों को पकड़ा जावे और नयापुरा की ओर से नाले में जानवरों की जो खाल ओर धड़ फेंके जा रहे है उस पर भी रोकथाम लगाई जावे अन्यथा किसी दिन कोई बड़ा हादसा घटित हो जाएगा।

## पशुधन बीमा योजना का लाभ प्राप्त करें

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुपालन गतिविधियों से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पशुपालन की गतिविधियों में पशुपालक के के.सी.सी. लिंकेज होने पर पशुचारा, दाना, बाटा क्रय करने हेतु बैंक शाखा के द्वारा प्रति गाय 18 हजार रू एवं प्रति भैंस 20 हजार रू राशि 3 माह के लिये प्रदाय की जायेगी। पशुपालक राशि 3 माह में जमा करके पुन: राशि आवश्यकता अनुसार प्राप्त कर सकता है।

## 21वी सदी के कौशलों से अवगत पीएमश्री शालाओं के शिक्षक

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** पीएमश्री विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का 21वी सदी कौशल पर आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण डाइट मंदसौर में संपन्न हुआ ।

सीमेट भोपाल के तत्वावधान में जिलों की चयनित 9 पीएमश्री शालाओं में कार्यरत 47 शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डाइट डॉ.दिलीप सिंह राठौर, प्रशिक्षण प्रभारी श्री आर.डी.जोशी, डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. प्रमोद कुमार सेठिया एवं श्री रामेश्वर डांगी आदि उपस्थित थे एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री मुकेश राव प्राचार्य हाई स्कूल झावल, श्री मुकेश कुमार धाकड़ प्राचार्य हाई स्कूल हतुनिया आदि उपस्थित थे।

## मंदसौर किराना व्यापारी संघ के नवीन पदाधिकारी मनोनीत

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर किराना व्यापारी संघ (रजि.) के अध्यक्ष संजय जैन (श्वेता) ने नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में महासचिव ब्रजलाल नैनवानी (सभ्यता) को मनोनीत किया गया है।

मंदसौर किराना व्यापारी संघ (रजि.) की नवीन कार्यकारिणी में संरक्षकगण श्री सफदर भाई, श्री हिम्मत लोढा, श्री संजय तरवेचा, संयोजकगण श्री विजय सुराणा, श्री शरद धींग, श्री प्रवीण मुंरडिया, श्री रत्नेश कुदार, अध्यक्ष संजय जैन (श्वेता), महासचिव श्री ब्रजलाल नैनवानी (सभ्यता), सचिव श्री हरीश अग्रवाल, उपाध्यक्षगण श्री मनोहरलाल नेनवानी, श्री सुनील पारीख, श्री नीलेश पारीक, श्री नितेश संघवी, श्री जगदीशचंद्र गुप्ता, श्री दिनेश पमनानी, प्रवक्ताद्वय श्री संजय नाहर व श्री महेश भट्टड को मनोनीत किया है। अध्यक्ष संजय जैन श्वेता ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी ने संगठन एवं व्यापारियों के हित में कार्य प्रारंभ कर दिया है शीघ्र ही एरिया प्रमुख एवं बोर्ड की एक मीटिंग बुलाई जावेगी तथा किराना व्यापारियों को आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास किये जायेंगे। मंदसौर नगर के सभी किराना व्यापारियों ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## बाछड़ा समुदाय की बालिकाओं और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु...

# शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें- डॉ.खेड़े

### पंख अभियान नीमच के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न




**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** बांछडा समुदाय की बालिकाओं, महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सभी को पूरी लगन एवं मानवीय आधार पर विशेष कार्य करना होगें। बांछड़ा समुदाय की महिलाओं के विकास के लिये उन्हे रोजगार प्रदान करने एवं उचित मार्गदर्शन देने, शासकीय विभागों की योजनाओं का लाभ उन तक पहुचाने का कार्य करना होगा। समाज की बालिकाओं, महिलाओं को उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मैत्रीपूर्ण माहौल में कार्य करे। यह विचार संयुक्ता कलेक्टसर डॉ.ममता खेडे,ने बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना अन्तर्गत बांछडा समुदाय के उत्थान के लिये संचालित पंख अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित बांछडां समुदाय बाहुल्य ग्रामों में जन सहायता एवं रोजगार परामर्श केन्द्रों के संचालन के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

कार्यशाला के प्रारम्भ में जिला कार्यक्रम अधिकारी,सुश्री अंकिता पंडया, ने बांछडां समुदाय बाहुल्य ग्रामों में जन सहायता एवं रोजगार परामर्श केन्द्र संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया, कि जिले में 26 बांछड़ा समुदाय बाहुल्य ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम सचिव के सहयोग से जन सहायता केन्द्र का संचालन किया जावेगा। जिसमें बांछडा समुदाय के प्रत्येक हितग्राही की जानकारी संकलित की जावेगी तथा उन्हे आवश्यकतानुसार रोजगार मार्गदर्शन एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी। कार्यशाला में आदिम जाति कल्याण सहायक संचालक श्री एस.एस.सिसोदिया, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन अधीक्षक श्री सुभाष गवई ने किया और श्री संदीप दिखित ने आभार माना।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज सामुहिक योग के कार्यक्रम होंगे

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज 21 जून 2025 को आयोजित किया जा रहा है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा। सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। पंजीयन लिंक https://yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam पर होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, म.प्र.योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर, योगा वालेंटियर उपलब्ध है, जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग द्वारा प्रदाय की जायेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्बबोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक म.प्र. जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदाय किया जायेगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग द्वारा ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी। जिले के समस्त शासकीय सेवको को योग दिवस के नजदीकी कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जायेगा। योग दिवस का जिला स्त रीय कार्यक्रम आज 21 जून को सी.एस.व्हीी.अग्रोहा भवन में प्रात:6 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी निर्माण कार्य सात दिवस में पूर्ण करवाए-चंद्रा

## अपूर्ण निर्माण कार्यों को भी जल्दी पूर्ण करवाए, कलेक्टर ने ग्रामीण विकास योजना और कार्यों की समीक्षा की

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में मनरेगा के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व वर्षों के प्रचलित कार्यों र्को अभियान मोड में पूर्ण करवाया जा रहा है ।

कलेक्टर श्री चंद्रा द्वारा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष नीमच में गुरुवार को आयोजित बैठक में इन कार्यों र्की उपयंत्री वार सेक्टर वार प्रगति की समीक्षा कर निर्देशित किया कि आगामी 07 दिवस में जल संचयन से संबंधित समस्त प्रगतिरत कार्यों र्को पूर्ण करने की जवाबदारी संबंधित उपयंत्री की होगी। सहायक यंत्री प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग करें । साथ ही रिचार्ज पिट और खेत



तालाब का निर्माण भी वर्षा के जल को सहेजने के लिए किया जा रहा है। इन्हें भी 7 दिवस में पूर्ण करवाने के निर्देश सभी उपयंत्रियों को दिए गए। इस बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा द्वारा ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओ, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिशन , राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण , प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड मिशन की भी समीक्षा की गई और आगामी माह में प्रस्तावित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के संबंध में भी सभी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव , अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीमच , समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री , सहायक विकास विस्तार अधिकारी , पंचायत समन्वयक अधिकारी व ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 33 | 2118 | 2420 |
| उडद | 7 | 4600 | 6000 |
| सोयाबीन | 3242 | 3950 | 4350 |
| गैहु | 3882 | 2320 | 2710 |
| चना | 37 | 4900 | 5449 |
| मसुर | 41 | 6100 | 6390 |
| धनिया | 66 | 5200 | 6650 |
| लहसुन | 13000 | 3140 | 9300 |
| मैथी | 404 | 3451 | 5171 |
| मुंगफली | 605 | 4250 | 5340 |
| अलसी | 953 | 6701 | 7300 |
| सरसो | 113 | 6051 | 6400 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 46 | 8801 | 11100 |
| प्याज | 2022 | 251 | 1057 |
| कलोंजी | 6 | 18900 | 20000 |
| तुलसी बीज | 2 | 10160 | 12981 |
| डॉलर | 37 | 5800 | 7621 |
| तिल्ली | 224 | 7111 | 8501 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 2 | 2525 | 2525 |
| असालीया | 38 | 5740 | 6157 |
| चियाबीज | 21 | 9500 | 12981 |

# डोडाचूरा तस्कर को 12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपी मुबारिक शाह आत्मज शकूर शाह, वर्तमान उम्र लगभग-34 वर्ष, निवासी-ग्राम डोराना, तह. दलौदा, जिला-मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्कौरी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 12 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबं?ध में बताया कि दिनांक 16.01.2021 को थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर, प्रकोष्ठ, नीमच में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रउफ खान को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डोराना, थाना नई आबादी, मंदसौर का मुबारीक पिता शकूर शाह महिन्द्रा कंपनी की बोलेरो पिकअप नम्बर एम.पी. 43 जी 1124 में पीछे लोडिंग के हिस्से में प्लास्टीक के काले रंग के कट्टो में मादक पदार्थ डोडाचूरा करीब 06 क्विंटल फतेहगढ-दलौदा के आसपास से भरकर छिपाकर फोरलेन रोड़ फतेहगढ़ से ढोढर होता हुआ हसन पालिया या उमठ पालिया में किसी तस्कर को देने जाने वाला है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए हाईवे पर नाकेबंदी कर कुछ समय इंतजार करने पर फतेहगढ़ तरफ से मुखबीर बताये अनुसार एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप क्र. एम. पी. 43 जी 1124 को आती दिखी जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछे जाने पर उसने अपने नाम मुबारिक शाह पिता शकूर शाह, निवासी-ग्राम डोराना, जिला-मंदसौर होना बताया। संदेही व्यक्ति व उक्त वाहन की तलाशी में लोडिंग वाहन में 20 प्याज के कट्टो के बीच में नीचे छिपाये हुए 26 प्लास्टीक के काले रंग के बोरे मिले, जिनमें छिलकेनुमा पदार्थ भरा होना पाये जाने व संदेही से पूछे जाने पर उसके द्वारा उक्त पदार्थ डोडाचूरा होना बताया। उक्त मादक पदार्थ के परिवहन व आधिपत्य के लाईसेंस के बारे में पूछने पर उसने नहीं होना बताया, मौके पर जब्तशुदा 26 प्लास्टिक के बोरों का इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से वजन करने पर कुल 6.40 क्विंटल डोडा चूरा होना पाया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफतार किया जाकर थाना वापसी पर अपराध क्रमांक 05/2021 पर धारा 8/15 एन.डी.पी.एस.एक्ट की कायमी की गई। समस्त आवश्यक अनुसंधान पश्चात् अभियोग-पत्र विशेष न्यायालय में जाँच/विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को 06 माह का सश्रम कारावास

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा महिला के साथ चाकू से मारपीट कर चोट पँहुचाने वाले आरोपी दिलीप जैन पिता रतनलाल खटीक, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम गिरदौड़ा, थाना नीमच सिटी, जिला नीमच को धारा 324 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 3000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री चन्द्रकांत नाफड़े द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व दिनांक 11.08.2019 की शाम के लगभग 07 बजे ग्राम गिरदौड़ा स्थित फरियादीया के घर के बहार की हैं। घटना दिनांक को फरियादीया सरोज जाटव उसके घर के बाहर खड़ी थी, तभी वहां आरोपी ने आकर उसके पति के बारे में पुछां तो फरियादी ने कहा की वह काम पर गया हैं। जिस पर से आरोपी ने कहा की वह सहीं क्यों नहीं बता रहीं हैं और इसी बात को लेकर विवाद करते हुवे उसने फरियादीया पर चाकू से हमला कर उसको चोटे पँहुचाई। फरियादीया के चिल्लाने के आवाज सुनकर सुरेन्द्र, सोनू एवं मोहनलाल यादव ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादीया ने घटना की रिपोर्ट थाना नीमच सिटी पर की जिस पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया व फरियादीया का मेडिकल किये जाने के बाद आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादीया, चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री चन्द्रकांत नाफड़े, एडीपीओ द्वारा की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला आयुष अधिकारी डॉ कमलेश धनोतिया द्वारा बताया गया किग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के विषय पर संपूर्ण विश्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एक साथ योग दिवस मना रहे है। 21 जून शनिवार को प्रात: 6 बजे से संजय गांधी उद्यान मंदसौर में योग का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री सुधीर गुप्ता होंगे।

इसके साथ ही जिले के ऐतिहासिक स्थानों में पशुपतिनाथ मंदिर परिसर एवं धर्मराजेश्वर मंदिर के अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, सभी नगरीय निकायों में सामूहिक योग अभ्यास कराया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी ने नागरिकों से नि:शुल्क योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।



**दुर्घटना से बत्ती गुल-** अज्ञात वाहन द्वारा खानपुरा मेन रोड पर लगी विद्युत डीपी को टक्कर मार दी गई। जिससे क्षेत्र की विद्युत सप्लाय बंद हो गई। विद्युत मंडल के कर्मचारियो ने सुधार कार्य कर बिजली सप्लाय सुचारू की।

# मंदसौर सीए ब्रांच द्वारा पब्लिक स्पीकिंग और प्रेजेंटेशन स्किल्स पर सेमिनार सम्पन्न

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सीए ब्रांच के तत्वावधान में पब्लिक स्पीकिंग और प्रेजेंटेशन स्किल्स विषय पर एक अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता रहे प्रख्यात नेशनल ट्रेनर श्री सुदीप दास एवं सीए अर्पित नागर। कार्यक्रम की शुरुआत सीकासा सचिव व छात्र किसले सैनी द्वारा सीए अर्पित नागर के परिचय से की गई। सीए अर्पित नागर ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में आत्मविश्वास और निडरता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि जब हम मन में ठान लें तो कोई भी मंच मुश्किल नहीं होता। उन्होंने प्रेजेंटेशन तैयार करने के दौरान अपनाई जाने वाली तकनीकों, विजुअल्स के चयन, प्रस्तुति के क्रम और सुनने वाले से जुड़ाव कैसे बनाया जाए इन सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उनके व्यावहारिक सुझाव और अनुभवजन्य उदाहरण युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए।



इसके पश्चात, सीए अमन नाहर द्वारा श्री सुदीप दास का परिचय दिया गया। सुदीप दास, जिन्होंने देशभर में हज़ारों युवाओं को ट्रेनिंग दी है, ने अपनी ही प्रभावशाली शैली में पब्लिक स्पीकिंग और प्रेजेंटेशन के बारीकियों को बेहद रोचक ढंग से साझा किया। उन्होंने बताया कि एक प्रभावशाली प्रस्तुति सिर्फ शब्दों पर नहीं, बल्कि प्रस्तोता की बॉडी लैंग्वेज, आवाज़ के उतार-चढ़ाव, आंखों के संपर्क और आत्मविश्वास पर निर्भर करती है। उन्होंने समझाया कि एक सफल सार्वजनिक भाषण की शुरुआत एक सशक्त ओपनिंग हुक से होनी चाहिए, जिसके बाद एक व्यवस्थित बॉडी और अंत में प्रभावशाली क्लोजिंग होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पब्लिक स्पीकिंग से पहले डर कैसे दूर करें, मंच पर आने से पहले क्या सोचना चाहिए, और कैसे दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया जाए। ब्रांच चेयरमैन सीए राजेश मंडवारिया ने कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में स्वयं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना एक अनिवार्य कला बन गई है। उन्होंने आगामी सीए डे के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम का संचालन सीए नितिन देवनानी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिन्होंने अपने विनम्र अंदाज से कार्यक्रम को सुंदर ढंग से आगे बढ़ाया। अतिथियों का स्वागत सीए विनय अग्रवाल, सीए अर्पित मेहता, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए रितेश पारीख, सीए राजेश जैन, सीए आशीष जैन, सीए योगेंद्र जैन एवं सीए रोहन सोमानी द्वारा आत्मीयता एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। कार्यक्रम के अंत में सीए नीतेश भदादा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

**लाड़ली बहनों को बड़ी सौगात...**

## दीपावली से बहनों को प्रतिमाह मिलेंगे 1500 रूपये-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में लाड़ली बहनों को बड़ी सौगात देते हुए कहा है कि आगामी दीपावली से लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राही बहनों को 1500 रूपये प्रति माह की राशि नियमित दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में योजना के तहत 1250 रूपये प्रति माह की राशि लाड़ली बहनों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अगले महीने प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन मनाने के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। योजना के तहत चरणबद्ध रूप से राशि बढ़ाकर तीन हजार रूपये प्रति माह तक की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों को सशक्त बनाने के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में कलेक्टर कार्यालय में विश्व सिकल दिवस पर बड़वानी में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित करने के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे।



# किसान सोयाबीन बुवाई के समय तकनीकी जानकारी का रखे ध्यान-डॉ. चुंडावत

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी.एस. चुण्डावत ने बताया कि आगामी खरीफ की फसलों की बुवाई के लिए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है की सोयाबीन बौवनी के समय बीज उपचार अनुशंसित फफूंदनाशक जैसे पेनफ्लूफेन 13.28, ट्रायफ्लोक्सीस्ट्रोबीन 13.28 प्रतिशत (1) मि.ली./ कि.ग्रा. बीज) अथवा थायरम, कार्बोक्सीन (3) ग्रा./ कि.ग्रा. बीज) अथवा जैविक फफूंदनाशक ट्राइकोडर्मा 10 ग्राम./ कि.ग्रा. बीज। तत्पश्चात् जैविक कल्चर ब्रेडीराइझोबियम जेपानिकम एवं स्फुर घोलक जीवाणु (पी.एस.एम.) से करने की सलाह दी जाती है।मूंगफली के बीजों को पूर्व मिश्रित इमिडाक्लोप्रिड 18.5 प्रतिशत हेक्साकोनाजोल, 1.5 प्रतिशत एफएस की 2 एमएल मात्रा प्रति किलो बीज की दर से बीज उपचार करना चाहिए।मक्का के बीजों को सायन्ट्रानिलिप्रोले 19.8, थियामेथोक्साम 19.8 प्रतिशत की 4 एमएल मात्रा प्रति किलो बीज की दर से बीज उपचार कर बुवाई करें।

उर्वरक किसी एक समुह का उपयोग सोयाबीन (बीधा 0.2 हे.) के लिए करें। समुह (1) यूरिया 10 किलोग्राम प्रति बीधा, सिंगल सुपर फास्फेट 90 किलोग्राम प्रति बीधा, म्यूरेट ऑफ पोटाश 10 किलोग्राम प्रति बीधा, बेन्टोनाइट सल्फर 5 किलोग्राम प्रति बीधा। समुह (2) डी.ए.पी., 32 किलोग्राम प्रति बीधा, म्यूरेट ऑफ पोटाश 10 किलोग्राम प्रति बीधा, सल्फर 5 किलोग्राम प्रति बीधा। समुह (3) 12:32:16 की 45 किलोग्राम प्रति बीधा, सल्फर 5 किलोग्राम प्रति बीधा।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष खरीफ मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। इस पूर्वानुमान को देखते हुए किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई रिज एण्ड फरो या ब्रॉड बेड फरो (बीबीएफ) पद्धति वाली सीड ड्रिल से बुवाई करने की सलाह दी जाती है। इससे जल जमाव और सूखे की स्थिति में फसल प्रबंधन आसान हो जाएगा एवं खरीफ फसलों का उत्पादन ज्यादा प्रभावित नहीं होगा।

# ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो, वूशु कराते, पेंचिक सिलाट समर कैंप का समापन



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर के संचालक अध्यक्ष गगन कुरील ने बताया की मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वधान में चल रहा 29 वा ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो, वूशु कराते, पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट समर कैंप 15 मार्च से 15 जून 2025 तक तीन महीने चले शिविर में भाग लिए खिलाडियों का 15 जून को महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय मे समापन समारोह किया गया। जिसमें प्रतियोगिता आयोजित की गई। मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के द्वारा मंदसौर जिले के चार स्थान में समर कैंप संचालित किए गए थे। महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, मेघदूत नगर गरबा गार्डन, आईपीएस इंग्लिश स्कूल गांधीनगर, साई बाबा मंदिर के पास शिव मंदिर अभिनंदन में समर कैंप चलाए गये। सभी जगह के खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया स तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाडियों ने लठ एवं नान चाकू का डेमो प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का समापन के मुख्य अतिथि समाजसेवी नारू खा मेव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग विजेंद्र जी देवड़ा, विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संस्था संरक्षक अनिल जी कियावत, मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम जी लश्करी, पार्षद भारती जी पाटीदार, पार्षद प्रमिला जी गोयल, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष विजय जी कोठारी, विशेष अतिथि शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्रिंसिपल के,सी जी सोलंकी, सिटी कोतवाली के एस आई जाम सिंह जी तोमर, एस आई कल्याण सिंह जी चारेट, पार्षद प्रतिनिधि संजय जी गोयल, जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन उज्जैन के अध्यक्ष रितिक जी चंदेल, सुरेश जी बोराना सर मंचासीन थे अतिथियों द्वारा समर कैंप में भाग लिए खिलाडियों एवं प्रतियोगिता में विजय खिलाडियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अतिथियों का स्वागत सुनील हीवे, अशोक माली, कमलेश जी डोसी, यशवंत सिंह राठौर, दुर्गेश बेलानी शाहिद जी हुसैन द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संचालक गगन कुरील ने किया एवं आभार संस्था पदाधिकारी सुनील जी ग्वाला ने माना।


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 21 जून को शाम 5 से रात 8 और रविवार 22 जून को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


# सीएमओ पाटीदार का विदाई समारोह, शाल श्रीफल भेंट कर दी शुभकामनायें



**मनासा, 20 जून गुरु एक्सप्रेस। नगर परिषद मनासा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश कुमार पाटीदार का स्थानांतरण मनासा से नगर निगम बुरहानपुर मे सहायक आयुक्त के पद पर हो गया हैं। इस पर शुक्रवार को परिषद सभाकक्ष मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, पार्षद बाबूलाल कुशवाह, सत्यनारायण लक्षकार, दिनेश राठौर, लाला राठौर, सचिन राठौर आदि की उपस्थिति मे श्री पाटीदार को शाल श्रीफल भेंट की। साफा पहनाकर उन्हें उज्वल भविष्य और सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नति की बधाई शुभकामनायें दी।**

अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा श्री पाटीदार की पहली नियुक्ति मनासा नगर परिषद मे हुई 15 महीने के कार्यकाल मे इनकी सेवाएं सराहनीय रही और नगर विकास के साथ ही ऐसे महत्वपूर्ण विषयो का निर्णय भी लिया गया जो नगर के लिए अति आवश्यक थे सभी में श्री पाटीदार का सहयोग मिला। आज़ नगर परिषद मनासा से सहायक आयुक्त के पद पर एक बड़ी निकाय नगर निगम बुरहानपुर में आपका स्थानांतरण हुआ हैं आप हमेशा उन्नति करे यही हम प्रार्थना करते हैं। उपस्थित अन्य पार्षदगण ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दिनेश राठोर ने कियाश्र श्री पाटीदार के स्थानांतरण पर सीएमओ का प्रभार उपयंत्री रवीश कादरी को सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी ने भी सीएमओ पाटीदार को बधाई दी सीएमओ पाटीदार ने सभी का आभार माना और कहा निश्चित ही मनासा को में कभी नहीं भूल पाउँगा मेरे सीएमओ बनने पर मुझे पहली निकाय के रूप में यहां चार्ज मिला मेरे लिए यह परिषद सिखने की पहली सीढ़ी थी और यहां अध्यक्ष, उपाध्याय, पार्षदो सहित पुरे स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला इसके आप सभी का बहुत बहुत आभार मेरे कार्यकाल के दौरान अगर किसी कर्मचारी अधिकारी को कोई बात बुरी लगी हो तो में उसके लिए सभी से क्षमा मांगता हूँ में मनासा निकाय से हमेशा जुडा रहूंगा।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर बीएमओ पर कार्यवाही करें

**100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर कार्य करने वाले डॉ, ऑपरेटर, कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित, जिला स्वास्थ्य समिति, टीबी एवं एनएएफएलडी अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, टीबी एवं एनएएफएलडी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर का कार्य करने वाले सभी डॉक्टर, ऑपरेटर, कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर बीएमओ पर वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करें। डीपीएम सीएमएचओ ऑफिस की शिकायतों का निराकरण करवाए। सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। ऐसी शिकायत जिनका निराकरण नहीं हो सकता है, उनको फोर्स क्लोज करवाए। आभा आईडी शत प्रतिशत सभी लोगों की बनाएं। आभा पर रिकॉर्ड भी डालें। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर आभा ऑपरेटर रहे यह सुनिश्चित करें। सीएससी सेंटर पर ई हॉस्पिटल मॉड्यूल लागू किया जाना है। इसके लिए आवश्यक कार्यवाहियां करें। कायाकल्प अंतर्गत प्रतिवर्ष के जितने भी कार्य हैं, उनको लगातार मेंटेन करके रखें। पीआईयू विभाग सीएम संजीवनी क्लीनिक एवं स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, सभी डॉक्टर्स, बीएमओ मौजूद थे।



## जिले में अब तक औसत 122.95 मिमी वर्षा दर्ज

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 122.95मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 28.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्ति जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 97 मि.मी., जावद में 144 मि.मी., सिंगोली में 137 मि.मी. एवं मनासा में 133मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में एक मि.मी.जावद में 77 मि.मी. एवं मनासा में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 20 जून 2025 को प्रात: 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 69.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 44, जावद में 64, मनासा में 49 एवं सिंगोली में 90.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## शिवना शुद्धिकरण: अड़ वाली बात... पेज 1 से जारी

के पुल बांधे जा रहे हैं। यहां मौके की स्थिति की बात करें तो काम नजर भी आ रहा है। पचास दिन पहले शिवना जलकुंभी से पटी हुई थी। बदबू का साम्राज्य यहां था। लेकिन, अब शिवना में जलकुंभी नहीं दिख रही है। समर्थकों का कहना है कि विधायक ने शिवना शुद्धिक्रण को लेकर अपनी तरफ से कुछ प्रयास तो किए। जब योजनाएं आएगी तो उन पर काम होगा। लेकिन, वर्तमान में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को हाथ पर हाथ धरे बैठकर योजनाओं का इंतजार करने की बजाय अपनी तरफ से कुछ न कुछ प्रयास करना चाहिए।

**आलोचको का कहना, बारिश में बह जाती जलकुंभी-** इस अभियान को लेकर सोशल मीडिया या चाय-पान की दुकान पर आलोचकों की राय भी तर्क के साथ दी जा रही है। आलोचकों का कहना है कि शिवना में मिल रहे गंदे नाले और गंदगी के कारण जलकुंभी हो रही है। जलकुंभी का भोजन ही यह गंदगी है। बारिश आने पर जलकुंभी स्वत: ही हर साल बहकर निकल जाती है। बारिश बंद होने के बाद फिर शिवना का बहाव थम जाएगा। गंदे पानी से पौषित होकर फिर जलकुंभी जस की तस हो जाएगी। कुल मिलाकर सिर्फ ट्रैक्टर ट्रॉली से जलकुंभी निकालने की बजाय यहां ठोस और बड़ी योजना पर काम करने की जरुरत है। जिससे जलकुंभी हमेशा के लिए खत्म हो जाए।


**अनिल अठवाल, एडवोकेट**

कार्यालय-38, अठवाल हाउस, लक्ष्मी नगर, वेदांत विहार, मंदसौर (म.प्र.) मो.-9407440002

दिनांक 20-06-2025

**जाहिर सूचना संबंधित प्लाट नंबर 36 व 37 न्यू आनंद विहार, मंदसौर**

सर्वसाधारण व हर आम व खास को मेरे पक्षकार लोकेश माली पिता वेणीराम जी, जाति माली, आयु-32 साल, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-जैन मंदिर के सामने, दशरथ नगर, मंदसौर, तहसील व जिला मंदसौर म.प्र. से प्राप्त माहिती एवं निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने अपने आजीवन की कमाई व अपनी कृषि भूमि विक्रय करने से जो राशि प्राप्त हुई थी उससे दो भूखण्ड, भूखण्ड क्रमांक 36 व 37, न्यू आनंद विहार, मंदसौर क्रय कर अपनी पत्नी करिश्मा पिता तुलसीराम, पत्नी श्री लोकेश, आयु 30 साल, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-जैन मंदिर के सामने, नानेश नगर, मंदसौर, तहसील व जिला मंदसौर म.प्र. के नाम से पंजीयन दिनांक 01.07.2024 को करवाया गया था, लेकिन मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी करिश्मा के मध्य मनमुटाव हो जाने से करिश्मा उक्त भूखण्ड अन्य किसी को रहन, बय, अंतरण, विक्रय, हस्तांतरण करना चाहती है जबकि, उक्त दोनो भूखण्डों पर आज भी मेरे पक्षकार का ही आधिपत्य शांतिपूर्वक चला आ रहा है।

अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति, संस्था, निगम आदि उक्त दोनो भूखण्डों को क्रय न करे, किसी प्रकार से कोई संव्यवहार, अनुबंध, करार, इकरार आदि न करे, अन्यथा वह व्यर्थ के विवाद में पड़ेगा। सो सूचित हो।

भवदीय
अनिल अठवाल
अधिवक्ता मंदसौर वास्ते पक्षकार




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड़िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in